पंजाब केसरी 13/03/2024

जी.एम.एन. कालेज के विद्यार्थियों ने किया 2 दिवसीय शैक्षणिक परिभ्रमण



शैक्षणिक परिभ्रमण पर निकले जी.एम.एन. कालेज के विद्यार्थी।

अम्बाला, 12 मार्च (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कालेज द्वारा अपने विद्यार्थियों के लिए 2 दिवसीय शैक्षणिक परिभ्रमण का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को नाडा साहिब के इतिहास के बारे में बताया गया और सिख समुदाय की पृष्ठभूमि एवं शहादत के बारे में बताया गया। सिख समुदाय की वीरता और शूरवीरता के बारे में बताया गया।

शिमला परिभ्रमण में हैडक्वार्टर आर्मी ट्रेनिंग कमांड के दौरान सेनाओं के नियमों, उनके अनुशासन, उनकी दिनचर्या के बारे में बताया गया। उनकी मुस्तैदी के बारे में बताया गया कि किस प्रकार जीरो डिग्री में भी देश की रक्षा के लिए हमारे वीर सैनिक तत्पर रहते हैं। जाखू मंदिर से जुड़ी कथाओं विशेषकर हनुमान जी से जुड़े इतिहास के बारे में बताया गया।

डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक परिभ्रमण विद्यार्थियों में टीम भावना को विकसित करने के साथ-साथ हमारे समृद्ध इतिहास और हमारे विपुल साहित्य के बारे में परिचित करवाते हैं।

एन.एस.एस. अधिकारी डा. अनीश ने बताया कि शैक्षणिक परिभ्रमण व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास में अद्वितीय भूमिका निभाता है। हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. रितु गुप्ता ने बताया कि इस शैक्षणिक परिभ्रमण के दौरान स्टेट लाइब्रेरी में विद्यार्थियों को लेकर गए।

यहां विद्यार्थियों को पुस्तकालय के अध्यक्ष ने बताया कि यहां अधिक मात्रा में ज्ञान से संबंधित साहित्य रखा है। शैक्षिक परिभ्रमण में 54 विद्यार्थी मौजूद रहे।